अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , रविवार, 2 नवंबर 2025

PAGE NO, IV, MIDDLE

# बेहतर इलाज को डॉक्टर रहें अपडेट

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट 2025 कांफ्रेंस शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कांफ्रेंस में उपस्थित चेयरमैन देव मूर्ति व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग कांफ्रेंस शनिवार को आरंभ हुई। बरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलाजी सोसायटी के सहयोग से कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से आयोजित कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में चेयरमैन देव मूर्ति ने मुख्य अतिथि वर्धमान ट्रामा एवं लैप्रोस्कोपिक सेंटर मुजफ्फरनगर की डायरेक्टर डॉ. नूतन जैन को उनके व्याख्यान के लिए सम्मानित किया।

चेयरमैन देव मूर्ति ने मेडिकल साइंस में लगातार बदलाव की बात कही और अत्याधुनिक रिसर्च और तकनीक को जानना और अपडेट रहने पर जोर दिया। मेडिकल कालेज ने ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ कुंडली बनाने का काम किया। 50 हजार लोगों से ज्यादा की हेल्थ कुंडली बनाई जा चुकी है। 14 हजार लोग डिप्रेशन के मिले। अस्पताल लाकर सभी का इलाज किया जा रहा है। आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा .शशि बाला आर्य ने कांफ्रेंस की थीम भ्रूण से स्वस्थ वृद्धावस्था को स्पष्ट किया। डॉ. नूतन जैन ने कहा कि हेल्थ और रिसर्च में मेडिकल कालेज में बेहतरीन काम हो रहा है। प्रिंसिपल डॉ . एमएस बुटोला, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. मृदु सिन्हा, डॉ.पारुल महेश्वरी, सुभाष मेहरा, डॉ. रवीश अग्रवाल, डॉ.लतिका अग्रवाल, डॉ.निर्मल यादव, डॉ.आरपी सिंह, डॉ.बिंदु गर्ग, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. नमिता अग्रवाल, डॉ. मनोज टांगड़ी, डॉ.रुचिका गोयल मौजूद रहीं।

## कांफ्रेंस में इन विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ.अनुपम वर्मा, एलएलआरएम मेरठ की डॉ. रचना चौधरी के गंभीर प्रसुति विज्ञान में हर निर्णय महत्वपूर्ण और हर क्षण का महत्व पर व्याख्यान से कांफ्रेंस शुरू हुई। इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी के प्रेसीडेंट कर्नल डॉ. पंकज तलवार ने प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ – आशा को जीवन में बदलना विषय पर वर्चुअल, दिल्ली की डॉ .एम गौर्वी देवी और डॉ. ऋतु खन्ना ने व्याख्यान दिया। डॉ. नीना मेहरोत्रा और डॉ .वंदना जैन ने रोबोटिक सर्जरी – गति में सटीकता, देखभाल में उत्कृष्टता से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। लैप्रोस्कोपी की चुनौतियों पर डा .नूतन जैन ने व्याख्यान दिया। यूपीसीओजी की सेक्रेटरी डॉ. भारती महेश्वरी और डॉ.आस्था अग्रवाल ने सौंदर्य प्रसाधन कॉस्मेटिक और स्त्री रोग जैसे विषयों पर लेक्चर दिया। डॉ. नवनीत मेगन, डा.किशन कपूर, डॉ . इंदु लता, डॉ. अरुणा निगम, डॉ.आयशा अहमद, डॉ.आरके मिश्रा मौजूद रहे।